



नवभारत
भोपाल, बुधवार, 27 मई, 2026

# कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग का खेल उजागर

**वकीलों के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**बुनियादी सुविधाओं के नाम पर जनता से छलावे का आरोप**




**छतरपुर, 26 मई. जिले में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित किए जाने का मामला सामने आया है.**

इस संबंध में जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता प्रशांत सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पवित्र बाजपेयी, भूपेन्द्र पाल और कपिल तिवारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है.

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जिले में कई स्थानों पर बिना डायवर्शन, कॉलोनाइजर लाइसेंस और रेरा रजिस्ट्रेशन के कृषि भूमि को छोटे-छोटे प्लॉट में बांटकर बेचा जा रहा है. उनका कहना है कि इससे शासन को राजस्व हानि हो रही है और कॉलोनाइजर एक्ट का उल्लंघन किया जा रहा है.

ज्ञापन में ग्राम गौरगांय, धमर्रा, रंगौलिया, सौरा, बगौता, छतरपुर और पलौठा सहित कई क्षेत्रों के खसरा नंबरों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि वहां अवैध प्लाटिंग और निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं. उन्होंने प्रशासन को डिजिटल और फोटोग्राफिक साक्ष्य भी सौंपे हैं. आवेदकों का कहना है कि इन कॉलोनियों में आम लोगों को पानी, सड़क, बिजली और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं का भरोसा दिए बिना प्लॉट बेचे जा रहे हैं, भविष्य में खरीदारों को परेशानी आ सकती है.

> शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि चिन्हित क्षेत्रों का मौका मुआयना कराया जाए, संबंधित अधिकारियों से प्रतिवेदन लिया जाए और अवैध कॉलोनियों में जमीनों के क्रय-विक्रय तथा नामांतरण पर तत्काल रोक लगाई जाए. साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग भी की गई है.

## गंगा दशहरे पर हुई केथन की महाआरती

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** गंगा दशहरे पर सोमवार को पंचकुईयां स्थित केथन नदी पर गंगा पूजन, महाआरती संपन्न हुई. कार्यक्रम के पूर्व कलश यात्रा एवं चुनरी यात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई. यात्रा में महिलाएं चुनरी लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए त्रिपुर सुंदरी घाट पहुंची. यात्रा के दौरान पूरा वातावरण हर-हर गंगे एवं जयकारों से भक्तिमय बना रहा. यात्रा के उपरांत त्रिपुर सुंदरी घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मां गंगा की महाआरती संपन्न हुई. इस मौके पर श्रद्धालुओं ने केथन नदी में दीप दान किया. इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक मौजूद रहे.

# केके गुप्ता हत्याकांड के चलते बाजार बंद

**वैश्य समाज ने निकाला मार्च, एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन**

**दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग**



**छतरपुर, 26 मई . लवकुशनगर में केके गुप्ता हत्याकांड के विरोध में मंगलवार को वैश्य समाज के आह्वान पर नगर के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे.**

घटना को लेकर व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश देखने को मिला. लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया.

विरोध प्रदर्शन के तहत एक विशाल मार्च निकाला गया, जो पुराने बस स्टैंड से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसडीओपी कार्यालय पहुंचा. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक संगठनों के सदस्य और स्थानीय नागरिक शामिल हुए. हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई.

**एसडीओपी ने शीघ्र गिरफ्तारी का दिया आश्वासन**

एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीओपी नवीन दुबे को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में हत्याकांड की गहन जांच, अन्य सह-आरोपियों की पहचान और दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग की गई. समाज के लोगों ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि आमजन का कानून व्यवस्था पर भरोसा बनाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई जरूरी है.

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

- बमीठा थाने में होटल संचालक पर केस दर्ज
- पुलिस ने बीएनएस की धारा 69 के तहत मामला दर्ज




**खजुराहो, 26 मई. बमीठा थाना क्षेत्र में एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने होटल संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस के अनुसार ग्राम गढ़ा स्थित 'शिव होटल' के संचालक आदित्य शिवहरे पर आरोप लगा है कि उसने होटल में काम करने वाली युवती को शादी का भरोसा दिलाकर उसका विश्वास जीता और बाद में उसके साथ गलत काम किया. शिकायत में कहा गया है कि आरोपी युवती को गढ़ा और चित्रकूट के अलग-अलग होटलों में ले गया, जहां कथित तौर पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया. पीड़िता की शिकायत के आधार पर बमीठा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (क्नहस) की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया है. यह धारा शादी का झूठा वादा कर यौन संबंध बनाने से संबंधित मामलों में लागू होती है.

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. अधिकारियों के अनुसार साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. वहीं घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है.

# चलती कार में लगी भीषण आग

**छतरपुर, 26 मई. जिला मुख्यालय के पॉश इलाके में स्थित विराज मंडपम के सामने उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क पर दौड़ती एक कार में अचानक आग लग गई.**

कार के इंजन से धुआं और तेज लपटें उठती देख आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार को आग की चपेट में आता देख वहां मौजूद स्थानीय लोग और राहगीर बिना वक्त गंवाए तुरंत हरकत में आए. नागरिकों ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल पानी, रेत और उपलब्ध अन्य संसाधनों की व्यवस्था की. लोगों ने पानी डालना शुरू किया और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए.



> सजग नागरिकों के इस त्वरित और सामूहिक प्रयास के कारण समय रहते आग को पूरी तरह बुझा लिया गया. गनीमत यह रही कि आग विकराल रूप धारण करती, उससे पहले ही उस पर काबू पा लिया गया, जिससे कार में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित बाहर निकल आए. स्थानीय लोगों की इस बहादुरी और तत्परता की हर तरफ प्रशंसा हो रही है, जिनकी वजह से व्यस्त मार्ग पर एक बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया.

# नगर परिषद में 'जीजा राज' काफी चर्चा में

**चंदला, 26 मई. चंदला नगर परिषद इन दिनों विकास कार्यों से ज्यादा कथित 'जीजा राज' को लेकर चर्चा में है. नगर परिषद अध्यक्ष के रिश्तेदार की बढ़ती दखलंदाजी को लेकर कर्मचारियों और नगरवासियों में नाराजगी देखने को मिल रही है.**

आरोप है कि बिना किसी आधिकारिक पद के भी उनका प्रभाव परिषद कार्यालय में लगातार बढ़ता जा रहा है. नगरवासियों का कहना है कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी कर्मचारियों पर बाहरी दबाव बनाया जाता है. कई लोगों ने आरोप लगाया कि परिषद के निर्णय नियमों से ज्यादा रिश्तेदारी और प्रभाव के आधार पर प्रभावित हो रहे हैं. सूत्रों के मुताबिक अध्यक्ष के करीबी रिश्तेदार अक्सर नगर परिषद कार्यालय में मौजूद रहते हैं, जिससे कर्मचारियों में असहजता का माहौल बना हुआ है. हालांकि कर्मचारी खुलकर सामने नहीं आ रहे, लेकिन अंदरूनी नाराजगी की चर्चा लगातार हो रही है.




कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जनता के कार्य कराने के नाम पर दबाव और प्रभाव की राजनीति की जा रही है. इससे आम नागरिकों को समय पर काम नहीं मिल पा रहा है. नगरवासियों का कहना है कि परिषद का ध्यान जनहित के बजाय परिवारवाद की ओर ज्यादा दिखाई दे रहा है.

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर परिषद के कामकाज में पारदर्शिता लाई जाए और बिना अधिकारिक पद वाले लोगों के हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए, ताकि कार्य नियम और कानून के अनुसार संचालित हो सकें.

## एक नजर में

### छतरपुर में 29 मई को 'युवा संगम' रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

छतरपुर, 26 मई . कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए 29 मई 2026 (शुक्रवार) को एक दिवसीय 'युवा संगम' रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है. यह मेला महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के सामने स्थित शताब्दी हॉल में सुबह 11 बजे से शुरू होगा. जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई और जिला उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में 18 से 48 वर्ष के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं. मेले में आठवीं, स्नातक और आईटीआई पास उम्मीदवारों के लिए निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भर्ती करेंगी. इनमें अतुल ऑटो, रेजॉन सोलर, सिनोवा गियर, उनो मिंडा, सिल्वर कंज्यूमर, विशाल बैरिंग, केल्विन पाइप, कोरोना रेमेडीज, फ्लिपकार्ट और रवि टेक्नोफोर्ज जैसी गुजरात (अहमदाबाद, सूरत, राजकोट) की कंपनियां शामिल हैं. रोजगार अधिकारी के अनुसार, चयनित युवाओं को योग्यता और पद के आधार पर ?8,000 से ?35,000 प्रति माह तक का वेतनमान मिलेगा. इच्छुक आवेदक अपने दस्तावेजों के साथ मेले में शामिल हो सकते हैं.

### देवी अहिल्याबाई की जयंती पर निकली शोभायात्रा



**छतरपुर, 26 मई.** नगर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर पाल समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई. दोपहर 12 बजे मोटे के महावीर मंदिर से शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए. आयोजन में मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त केशव सिंह बघेल विशेष रूप से शामिल हुए. शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह समाज के लोगों और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. यात्रा के दौरान जयकारों और देवी अहिल्याबाई होल्कर के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा.

### ईदुज्जुहा अवकाश की तारीख बदली

**छतरपुर.** ईदुज्जुहा के अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक अवकाश की तारीख में बदलाव किया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार पहले घोषित 27 मई का अवकाश निरस्त कर 28 मई को सामान्य और सार्वजनिक अवकाश रहेगा.

# मोबाइल दुकान में लगी आग

**छतरपुर, 26 मई. महाराजपुर नगर के पुराने पोस्ट ऑफिस मोहल्ले में स्थित एक मोबाइल दुकान में सोमवार देर रात अचानक आग लग गई.**

घटना में दुकान में रखा मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे दुकान संचालक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. जानकारी के अनुसार शिवम सोनी की मोबाइल दुकान से देर रात धुआं और आग की लपटें निकलती देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दी. स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था. दुकान संचालक शिवम सोनी ने बताया कि आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है. घटना के बाद उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है.



# माडिया गांव का रास्ता बंद होने से ग्रामीण होते रहे परेशान

- 100 परिवारों का आवागमन ठप, नाले को भी पत्थरों से घेरा
- एम्बुलेंस और वाहनों का आना-जाना हुआ बंद

**बरखेड़ी, 26 मई. क्षेत्र के माडिया गांव में पारंपरिक रास्ते पर कथित कब्जे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है. समस्या से परेशान ग्रामीण बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे और प्रशासन को आवेदन सौंपकर रास्ता खुलवाने की मांग की.**

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के करीब 100 परिवारों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है. ग्रामीणों के अनुसार मुख्य बस्ती तक पहुंचने के लिए लगभग 500 मीटर लंबा पुराना कच्चा रास्ता ही एकमात्र साधन था. आरोप है कि कुछ दबंग लोगों ने इस रास्ते पर पत्थरों की दीवार खड़ी कर दी, जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया. इतना ही नहीं, शासकीय नाले में भी पत्थर डाल दिए गए हैं. इसके कारण गांव में एम्बुलेंस, मोटरसाइकिल और अन्य वाहनों का आना-जाना बंद हो गया है.



रास्ता बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बच्चों, स्कूली छात्रों और किसानों को उठानी पड़ रही है. ग्रामीणों को अस्पताल, स्कूल और खेतों तक पहुंचने के लिए लंबा और कठिन रास्ता तय करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे रास्ता खोलने का प्रयास करते हैं तो कब्जा करने वाले लोग विवाद करते हैं और झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां देते हैं.

> ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, शासकीय रास्ते और नाले से अतिक्रमण हटाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है. उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो गांव के लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है.

# बिजली शिकायतों के लिए कॉल सेंटर शुरू

**छतरपुर, 26 मई. जिले में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विद्युत विभाग ने 'एफओसी' कॉल सेंटर शुरू किए हैं.**

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर अलग-अलग क्षेत्रों के लिए प्रभारी अधिकारियों के मोबाइल और लैंडलाइन नंबर जारी किए गए हैं, ताकि बिजली कटौती या फॉल्ट की स्थिति में उपभोक्ताओं को तुरंत सहायता मिल सके.

विद्युत विभाग के अनुसार अब उपभोक्ता अपने क्षेत्र के संबंधित अधिकारी को सीधे कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकेंगे. इससे शिकायतों के त्वरित निराकरण और बिजली व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है. छतरपुर शहर के लिए राजेश खरे, नौगांव शहर के लिए जीतेंद्र प्रजापति, ग्रामीण क्षेत्रों और ईशानगर के लिए हृदेश चतुर्वेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं बड़ामलहरा, बिजावर, खजुराहो, राजनगर, लवकुशनगर और गौरिहार सहित अन्य क्षेत्रों के लिए भी अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, विद्युत विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि बिजली सप्लाई बंद होने, लाइन फॉल्ट या अन्य तकनीकी समस्या होने पर संबंधित क्षेत्र के जारी नंबरों पर संपर्क करें. विभाग का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.



## बैकुण्ठधाम में आज दीपदान कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** श्री हरि: धर्माधिकारी कार्यालय द्वारा विष्णुलोक-बैकुण्ठधाम स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री पुरुषोत्तम मास पदमा एकादशी के अवसर पर बुधवार 27 मई को विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा. धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में आयोजित कार्यक्रम गोधुलि बेला में संपन्न होगा. इस दौरान तुलसी अर्चन, श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र आराधना एवं विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी. आयोजन में श्रद्धालु भक्त एकादशी मनोकामना दीपदान कर श्रीहरि की आराधना करेंगे.

# 20 लाख का सामुदायिक भवन बना बदहाली का शिकार




**लवकुशनगर, 26 मई. जनपद पंचायत लवकुशनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत रमझाला में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य पर सवाल खड़े हो गए हैं. निर्माण के महज एक वर्ष के भीतर ही भवन की दीवारों और छतों में जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगी हैं, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है.**

ग्रामीण विश्राम सिंह सिसोदिया और राजेंद्र सिसोदिया ने आरोप लगाया कि पंचायत में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जाता. उनका कहना है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया तथा तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभाग के इंजीनियर निर्माण स्थल पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचते और बिना जांच के ही मूल्यांकन व भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी जाती है. ग्रामीणों के अनुसार सामुदायिक भवन गांव के सार्वजनिक कार्यक्रमों और बैठकों के लिए बनाया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर लोगों में भय का माहौल है. भवन की दीवारों में आई चौड़ी दरारों के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है.

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है. साथ ही निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों, इंजीनियरों और पंचायत प्रतिनिधियों पर कार्रवाई तथा भवन की तकनीकी जांच कर दोषियों से शासकीय राशि की वसूली की मांग भी की है. इस मामले में गौरीहार जनपद सीईओ भारती ठाकुर से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका. हालांकि, कमीशन लेने जैसे आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है.


**जनसुनवाई** | **कलेक्टर के निर्देशन में अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं**

# जिला कलेक्टर के निर्देशन में अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

- राजस्व, पुलिस और शिक्षा शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश

**छतरपुर, 26 मई. जिला पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया.**

इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे जिलेभर के नागरिकों की समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गंभीरता से सुना गया. जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर अंजली द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह, आयशा अंसारी, तहसीलदार पीयूष दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान कुल 213 शिकायती आवेदन प्राप्त हुए. अधिकारियों ने सभी आवेदनों का बारीकी से परीक्षण करते हुए उन्हें संबंधित विभागों को सौंपकर समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए.



**इन विभागों से जुड़े मिले आवेदन**

इस जिला स्तरीय जनसुनवाई में मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, शिक्षा, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मंडल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति कल्याण, श्रम, सामाजिक न्याय तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी शिकायतें और समस्याएं सामने आईं.

प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों को पूरी प्राथमिकता दी जाए और आम जनता की समस्याओं का त्वरित व संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए.